मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

इंदौर

-: समाचार विज्ञप्ति :-

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापकों के 2371 पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी

इंदौर, 19.02.2016 मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन हेतु विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापकों के 2371 पदों हेतु आज विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 05.03.2016 से 04.04.2016 तक एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से जमा किए जाएंगें। ।

उक्त विज्ञापन में कुल 26 विषयों के 768 बैकलाग पदों तथा 916 पदोन्नति/सेवानिवृत्ति से रिक्त पदों तथा 687 नवीन सृजित पदों की पूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है।

विस्तृत विज्ञापन रोजगार और निर्माण समाचार पत्र के दिनांक 22.02.2016 के अंक में प्रकाशित किया जाएगा तथा आयोग की वेबसाइट www.mpppscdemo.in, www.mppsc.nic.in तथा www.mppsc.com पर उपलब्ध है।

आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क पर शुल्क का नगद भुगतान करके जमा कर सकते है। आवेदक क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड के साथ ही नेट बैंकिंग द्वारा भी घर बैठे शुल्क भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते है।

सचिव